100 DAYS OF READING CAMPAIGN

राजस्थान सरकार

हवामहल

(कोरोना समय में बच्चों का झरोखा)

05 फरवरी 2022: शनिवार: वर्ष-02: अंक – 40

RSCERT Udaipur

साइकिल का सपना

आज की कहानी

"एक साइकिल ने सपना देखा कि वह मोटरसाइकिल बनेगी। लेकिन फिर क्या हुआ....? हमारे पर्यावरण पर गम्भीर सवाल उठाती एक सहज कल्पना। प्राथमिक कक्षाओं में बच्चों के साथ चर्चा करने के लिए उपयोगी। इस कहानी को सुनने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।"

3 – 14 वर्ष के बच्चों के लिए | स्टोरीवीवर

वो रात

आज की कहानी

"गुस्से से भरी आवाज़ों को सुनकर चैतू जाग उठी। रात एकदम अंधेरी थी लेकिन कुछ ही दूरी पर आग की ऊँची-ऊँची लपटें उठ रही थीं। अपने परिवार, दोस्तों और घर का ख़याल आते ही चैतू काँप उठी। इन आवाज़ों में इतना गुस्सा क्यों है? और वे चाहते क्या हैं? इस कहानी को सुनने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।"

6+ वर्ष के बच्चों के लिए | स्टोरीवीवर-पराग

आलई की उड़ान

आज की किताब

"आधी रात को जोरों की आवाजें होने लगी। क्या आसमान गिरने वाला है? क्या धरती फट रही है? आखिर हो की रहा है? आलई कौन है? वह क्या चाहता है? इन सवालों के बारे में जानने के लिए आपको इस किताब को पढ़ना होगा। इस कहानी को पढ़ने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें। "

6 + वर्ष के बच्चों के लिए | एकलव्य



जोड़ी में पठन

आज की गतिविधि

"जोड़ी पठन एक महत्वपूर्ण लाइब्रेरी की गतिविधि है। यह पठन की रणनीति है। जिसमें अलग-अलग या एक ही पठन स्तर वाले बच्चे जोड़ी में पढ़ते हैं। इस गतिविधि में पठन से जूझ रहे बच्चे को साथी बच्चे से पढ़ने में सहयोग मिलता है। इस वीडियो को देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।"

6 – 14 वर्ष के बच्चों के लिए | पराग

बच्चों को किताबें पढ़ने के अवसर

टीचर्स कॉर्नर

"रामकिशोर जी ऊधमसिंह नगर ज़िले के राजकीय प्राथमिक विद्यालय, विडौरा (सितारगंज) में कार्यरत हैं। वे यहाँ एकल शिक्षक के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अपने विद्यालय में करीब चार साल पहले एक छोटा-सा पुस्तकालय शुरु किया था और इसके माध्यम से उन्होंने बच्चों को पढ़ने-लिखने के मौके देने शुरु किए। आलेख पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए | संदर्भ पत्रिका

#घरमेंरहें

#आनन्दसेपढ़ें

बचपन से ही आनंद के साथ पढ़ने की आदत, भविष्य के जागरूक और सशक्त नागरिक बनने के सफ़र में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अंक से हम '100 Days Reading Campaign' पर विशेष सामग्री साझा कर रहे हैं।

आज का अंक आपको कैसा लगा ? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।